BYJU'S EXAM PREP

# Weekly Current Affair

## साप्ताहिक करेंट अफेयर्स







(03-09 April 2022)

# Table of Contents

International Relations ………………………………………………………………

National……………………………………………………………………………….

State…………………………………………………………………………………….

Polity……………………………………………………………………………………

Economy………………………………………………………………………………..

Defense………………………………………………………………………………..

Science & Technology ……………………………………………………………

Sports………………………………………………………………………...........

Awards And Honours…………………………………………………………………

Appointment/ Resignation……………………………………………………….

Books & Authors……………………………………………………………………..

Important Days……………………………………………………………………….

## International Relations

### फोर्ब्स विश्व की अरबपतियों की सूची 2022

**चर्चा में क्यों?**



- हाल ही में, फोर्ब्स ने 36वीं वार्षिक विश्व की अरबपतियों की सूची 2022 जारी की है।
- एलोन मस्क पहली बार इस सूची में शीर्ष पर हैं।

**प्रमुख बिंदु**

**फोर्ब्स विश्व की अरबपतियों की सूची 2022 में शीर्ष 3:**

| रैंक | नाम | कुल मूल्य | संपत्ति का स्त्रोत |
|---|---|---|---|
| 1 | एलोन मस्क | 219 बिलियन डॉलर | टेस्ला, स्पेसएक्स |
| 2 | जेफ बेजोस | 171 बिलियन डॉलर | अमेज़ॅन |
| 3 | बर्नार्ड अरनॉल्ट एंड फैमिली | 158 बिलियन डॉलर | LVMH |

- फोर्ब्स ने 2022 विश्व अरबपतियों की सूची के लिए दुनिया भर में 2,668 अरबपति पाए, जो पिछले साल रिकॉर्ड 2,755 से कम है।
- सामूहिक रूप से, उनकी कीमत 12.7 ट्रिलियन डॉलर है, जो 2021 की सूची में 13.1 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड से नीचे है।
- 735 अरबपति नागरिकों के साथ अमेरिका अभी भी सर्वोच्च स्थान पर है, जो 2021 की तुलना में 11 अधिक है।

- **भारत के मुकेश अंबानी,** RIL अध्यक्ष, वैश्विक सूची में 90.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ 10वें स्थान पर हैं।

**स्रोत: forbes.com**

## भारत ने क्लीन एनर्जी मिनिस्टेरियल वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की मेजबानी की

**चर्चा में क्यों?**

- भारत 6 अप्रैल, 2022 से **क्लीन एनर्जी मिनिस्टेरियल (CEM) वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक** की मेजबानी कर रहा है। इसका समापन 8 अप्रैल को होगा।
- बैठक के दौरान सितंबर 2022 में होने वाली आगामी क्लीन एनर्जी मिनिस्टेरियल बैठक के लिए एजेंडा भी तैयार किया जाएगा।

**प्रमुख बिंदु**

- इस बैठक का आयोजन स्वच्छ ऊर्जा नीतियों में विभिन्न कार्य धाराओं के कार्यों की समीक्षा के लिए किया जा रहा है।
- भारत और ब्रिटेन सरकार ने ऊर्जा संक्रमण के भविष्य पर समग्र वार्ता का नेतृत्व किया।
- उसके बाद क्लीन पावर, ग्रीन स्टील और हाइड्रोजन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।
- इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी, इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी और UN हाई लेवल एक्शन चैंपियंस ने स्टेट ऑफ सेक्टोरल ट्रांजिशन (SoST) मसौदा रिपोर्ट के निष्कर्षों को प्रस्तुत किया।

**क्लीन एनर्जी मिनिस्टेरियल (CEM) के बारे में:**

- CEM 29 सदस्य देशों का एक उच्चस्तरीय वैश्विक मंच है। यह वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा भविष्य में संक्रमण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ ज्ञान एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की साझेदारी के जरिये स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है।

**स्रोत: ET**

## कार्बन बजट की खपत के लिए विकसित देशों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी को लेकर जलवायु परिवर्तन के असर पर IPCC की रिपोर्ट वैज्ञानिक रूप से भारत के रुख को स्थापित करती है

### चर्चा में क्यों?




- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (IPCC) की 4 अप्रैल, 2022 को जारी छठी आकलन रिपोर्ट (AR 6) में नीति निर्माताओं के सारांश (SPM) और वर्किंग ग्रुप III (WG-3) के योगदान का स्वागत करते हुए, कहा कि रिपोर्ट द्वारा कार्बन बजट की खपत करना वैज्ञानिक रूप से विकसित देशों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी स्थापित की गई है और उन्होंने वैश्विक उत्सर्जन में गहन और तत्काल कमी की आवश्यकता का आह्वान किया।

### प्रमुख बिंदु

- जलवायु परिवर्तन के असर और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से संबंधित रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में IPCC का एक प्रमुख योगदान है।
- इसमें यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक वित्त 2020 तक कोपेनहेगन (पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने पर दोहराया गया) लक्ष्य प्रति वर्ष 100 बिलियन अमरीकी डालर से कम है।
- रिपोर्ट में गहन और तत्काल वैश्विक उत्सर्जन में कमी की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि के लिए कुल कार्बन बजट का चौथा-पांचवां हिस्सा और 2 डिग्री सेल्सियस वार्मिंग के लिए कुल कार्बन बजट का दो-तिहाई पहले ही खपत किया जा चुका है।
- 2020 से पहले की अवधि के दौरान कुल मिलाकर और प्रति व्यक्ति वार्षिक उत्सर्जन दोनों में वृद्धि हुई। विकासशील देशों की सतत विकास की जरूरतों की तुलना में 2020 से पहले के उत्सर्जन में कमी विकसित देशों में अपर्याप्त रही है। ऐतिहासिक कुल उत्सर्जन और प्रति व्यक्ति वार्षिक उत्सर्जन दोनों दर्शाते हैं कि भारत की भूमिका (दक्षिण एशिया के हिस्से के रूप में) न्यूनतम है।

### भारत में:

- इसके अलावा, नवंबर 2021 में ग्लासगो, यूनाइटेड किंगडम में COP26 में, पेरिस समझौते के कार्यान्वयन के रूप में, भारत ने 2070 तक शून्य के लक्ष्य सहित जलवायु से संबंधित कार्रवाई के प्रति अपना संकल्प दोहराया।

**इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज के बारे में:**

- यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था है।
- इसकी स्थापना 1988 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक आधार, इसके प्रभावों और भविष्य के जोखिमों और अनुकूलन और शमन के विकल्पों के नियमित आकलन के साथ नीति निर्माताओं को प्रदान करने के लिए की गई थी।

**स्रोत: PIB**

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र महिला को 500,000 डालर का योगदान दिया

**चर्चा में क्यों?**




- **भारत** ने **संयुक्त राष्ट्र महिला**, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के लिए 500,000 अमरीकी डालर का योगदान दिया है।

**प्रमुख बिंदु**

- यह राशि संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति द्वारा संयुक्त राष्ट्र की महिला कार्यकारी निदेशक डॉ. सीमा बहौस को सौंपी गई।

**संयुक्त राष्ट्र महिला के बारे में:**

- संयुक्त राष्ट्र महिला एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- महिलाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कोष (UNIFEM, 1976 में स्थापित) और अन्य संगठनों का विलय संयुक्त राष्ट्र महिला बनाने के लिए हुआ, जिसने जनवरी 2011 में परिचालन शुरू किया।

**स्रोत: ndtv**

# National

## 2022 में भारत की तरफ से UNESCO फंड फॉर एलिमिनेशन ऑफ डोपिंग इन स्पोर्ट के लिए 72,124 डॉलर का अंशदान

**चर्चा में क्यों?**

- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 2022 में भारत की तरफ से **UNESCO फंड फॉर एलिमिनेशन ऑफ डोपिंग इन स्पोर्ट** के लिए 72,124 डॉलर का अंशदान जारी किया।

**प्रमुख बिंदु**

- पेरिस में 29-31 सितंबर, 2019 को लिए 7 COP के संकल्प के तहत, सभी पक्ष UNESCO के फंड फॉर द एलिमिनेशन ऑफ डोपिंग इन स्पोर्ट में अपने देशों के नियमित बजट का 1 प्रतिशत अंशदान के लिए सहमत हो गए थे।
- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने पहली बार 2021 में UNESCO से मिले अनुरोध के आधार पर UNESCO फंड में 28,172 डॉलर का योगदान किया था।

**पृष्ठभूमि:**

- मार्च, 2003 में खेल में एंटी-डोपिंग पर कोपेनहेगन घोषणा पर भारत सरकार द्वारा सहमति दी गई थी, जो एक राजनीतिक दस्तावेज था। इसके माध्यम से सरकारों ने **वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (WADA)** द्वारा लाए गए विश्व एंटी डोपिंग नियमों को औपचारिक रूप से मान्यता देने और लागू करने अपने इरादे के संकेत दिए थे।
- यह खेलों में डोपिंग के खिलाफ UNESCO इंटरनेशनल कन्वेंशन की तैयारी की दिशा में पहला कदम था।
- भारत खेलों में डोपिंग के खिलाफ इंटरनेशनल कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्ता है। इसे "UNESCO एंटी-डोपिंग कन्वेंशन" के रूप में भी जाना जाता है, जिसे भारत ने 7 नवंबर, 2007 को मंजूरी दी थी।
- युवा कार्यक्रम मंत्रालय के तहत आने वाली एक स्वायत्त संस्था **राष्ट्रीय एंटी डोपिंग एजेंसी** भारत में एंटी-डोपिंग कार्यक्रमों को अपनाने, कार्यान्वयन और लागू करने के लिए जिम्मेदार है।

**स्रोत: PIB**

## प्राकृतिक खेती पर वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चर्चा में क्यों?**




- **राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज),** हैदराबाद द्वारा आयोजित, **प्राकृतिक खेती पर वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम** का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया।

**प्रमुख बिंदु**

**मैनेज (MANAGE) के बारे में:**

- मैनेज की स्थापना 1987 में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक स्वायत्त संस्थान के रूप में हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन केंद्र के रूप में की गई थी।
- MANAGE तेजी से बढ़ते और विविध कृषि क्षेत्र में कृषि विस्तार की चुनौतियों के लिए भारतीय प्रतिक्रिया है।

**प्राकृतिक खेती:**

- इसे "रासायनिक मुक्त खेती और पशुधन आधारित" के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
- प्राकृतिक खेती बाहरी आदानों पर किसानों की निर्भरता को कम करने, खेती की लागत घटाने तथा किसानों की आय बढ़ाने का आशाजनक साधन है।
- सरकार पारंपरिक स्वदेशी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) की उपयोजना के रूप में भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (BPKP) को बढ़ावा दे रही है।
- आगामी दिनों में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर देशभर में 30 हजार ग्राम प्रधानों के लिए 750 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही अपने-अपने राज्यों में प्राकृतिक खेती की पहल को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे।
- 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को प्राकृतिक खेती के तहत कवर किया गया है।
- प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022-23 के बजट में भी घोषणा की गई है।

**कृषि से संबंधित अन्य पहलें:**

- सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
- बारानी क्षेत्र विकास
- कृषि वानिकी पर उप-मिशन

- पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट

स्रोत: PIB

## वन हेल्थ (एक स्वास्थ्य) पायलट प्रोजेक्ट

**चर्चा में क्यों?**



- पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) भारत सरकार ने वन हेल्थ सपोर्ट यूनिट द्वारा **वन हेल्थ** योजना की रूपरेखा को लागू करने के लिए उत्तराखंड राज्य में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

**प्रमुख बिंदु**

**वन हेल्थ अवधारणा:**

- वन हेल्थ एक ऐसा दृष्टिकोण है जो यह मानता है कि मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और हमारे चारों ओर के पर्यावरण के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है।
- वन हेल्थ का सिद्धांत संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) के त्रिपक्षीय-प्लस गठबंधन के बीच हुए समझौते के अंतर्गत एक ब्लूप्रिंट है।
- यूनिट का मुख्य उद्देश्य पायलट परियोजना के कार्यान्वयन से मिली जानकारियों के आधार पर एक राष्ट्रीय स्तर का वन हेल्थ रोडमैप विकसित करना है।
- वन हेल्थ सहायता इकाई के कार्यान्वयन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में अंतर-मंत्रालयी वन हेल्थ समिति की स्थापना की गई है।
- वन हेल्थ रूपरेखा विकसित करके, भारत रोगों की कुशलता पूर्वक जानकारी देने और प्रतिक्रिया में समन्वय, संसाधनों का कारगर उपयोग, आपातकालीन तैयारी, आर्थिक और पशुजन्य महत्व के रोगों को संभालने की क्षमता का निर्माण करने और पशु जन्य और आर्थिक असर डालने वाली की पशुओं की बीमारी के बारे में जन जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता को सफलतापूर्वक पूरा करेगा।
- दीर्घकालिक उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, भारत ने 1980 के दशक में जूनोज़िस पर एक राष्ट्रीय स्थायी समिति की स्थापना की।

स्रोत: PIB

## सबसे कम बेरोजगारी दर के साथ छत्तीसगढ़ देश में पहले स्थान पर

### चर्चा में क्यों?



- देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ पहले स्थान पर है।
- **सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों** के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने इस मार्च में 0.6 प्रतिशत की बेरोजगारी दर दर्ज की है, जो अब तक का सबसे कम है।

### प्रमुख बिंदु

- आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में सबसे अधिक बेरोजगारी दर 26.7 प्रतिशत है, इसके बाद राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में 25-25 प्रतिशत और झारखंड में 14.5 प्रतिशत है।
- सबसे कम बेरोजगारी दर के साथ छत्तीसगढ़ देश में पहले स्थान पर है जबकि इसी महीने (मार्च) में देश की बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत रही।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने तीन साल पहले महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के दृष्टिकोण के अनुरूप राज्य के समावेशी विकास की परिकल्पना के अनुरूप विकास का एक नया मॉडल अपनाया और सुरजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना आदि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू कीं।
- राज्य सरकार ने अगले पांच वर्षों में लगभग 15 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन' की स्थापना की है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## कोरोना वायरस का 'XE' संस्करण

### चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के इतिहास वाली 50 वर्षीय महिला **कोरोनावायरस के नए खोजे गए 'XE' संस्करण** से संक्रमित हो सकती है।

### प्रमुख बिंदु

- XE, ओमिक्रॉन का एक उप-संस्करण, जिसने इस सर्दी में COVID -19 की तीसरी लहर पैदा की, भारत में अब तक नहीं पाया गया था।

**कोरोनावायरस का XE संस्करण:**

- ओमिक्रॉन संस्करण, जो इस वर्ष पाए गए 90 प्रतिशत से अधिक संक्रमणों के लिए जिम्मेदार है, के दो प्रमुख उप-प्रकार हैं, जिन्हें BA.1 और BA.2 कहा जाता है। एक BA.3 उप-संस्करण भी है, लेकिन यह कम आम है।
- प्रारंभिक चरण के दौरान, BA.1 उप-संस्करण सबसे व्यापक था। भारत में, हालांकि, यह BA.2 था जो तीसरी लहर के दौरान सबसे प्रभावशाली था।
- BA.2 को BA.1 की तुलना में थोड़ा अधिक पारगम्य पाया गया, हालांकि यह अधिक खतरनाक नहीं था।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में, BA.2 किस्म दुनिया भर में सबसे व्यापक हो गई है, जो पिछले एक महीने में सभी ओमिक्रॉन संक्रमणों का लगभग 94 प्रतिशत है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियां

**चर्चा में क्यों?**



- हाल ही में, संसद की एक स्थायी समिति ने गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के विकास कार्यक्रम के कामकाज की आलोचना की है।
- भाजपा की लोकसभा सांसद रमा देवी की अध्यक्षता वाली सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति ने अपनी 31वीं रिपोर्ट संसद में पेश की।
- रिपोर्ट में कहा गया है, "समिति इस बात पर ध्यान देने के लिए विवश है कि DNT समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना कोचिंग, स्वास्थ्य बीमा, आजीविका की सुविधा और DNT के सदस्यों के लिए घरों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है, जिसमें 2021-22 से 2025-26 तक पांच साल की अवधि के लिए कुल 200 करोड़ रुपये का परिव्यय है और विभाग 2021-22 में एक रुपया भी खर्च नहीं कर सका।

**प्रमुख बिंदु**

**गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजाति:**

- ये ऐसे समुदाय हैं जो सबसे कमजोर और वंचित हैं।

- गैर-अधिसूचित जनजाति (DNT) ऐसे समुदाय हैं जिन्हें ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम 1871 से शुरू होने वाले कानूनों की एक श्रृंखला के तहत 'जन्मजात अपराधी' के रूप में 'अधिसूचित' किया गया था।
- खानाबदोश और अर्ध-घुमंतू समुदायों को उन लोगों के रूप में परिभाषित किया जाता है जो हर समय एक ही स्थान पर रहने के बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं।

**गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए आयोग (NCDNT):**

- तत्कालीन सरकार द्वारा 2006 में गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों (NCDNT) के लिए एक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया था।
- इसकी अध्यक्षता बालकृष्ण सिदराम रेनके ने की और जून 2008 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा, "यह विडंबना है कि ये जनजातियाँ किसी तरह हमारे संविधान निर्माताओं के ध्यान से बच गईं और इस तरह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विपरीत संवैधानिक समर्थन से वंचित हो गईं।"
- रेनके आयोग ने 2001 की जनगणना के आधार पर उनकी आबादी लगभग 10.74 करोड़ होने का अनुमान लगाया था।
- राज्यवार सूची तैयार करने के लिए फरवरी 2014 में गठित एक नया आयोग, जिसने 8 जनवरी, 2018 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, ने 1,262 समुदायों को गैर-अधिसूचित, खानाबदोश और अर्ध-घुमंतू के रूप में पहचाना।
- जबकि इनमें से कई जनजातियों को SC, ST और OBC के तहत वर्गीकृत किया गया है, कई नहीं हैं।
- संसद में स्थायी समिति की रिपोर्ट में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव के एक बयान का हवाला दिया गया है कि 269 DNT समुदाय किसी भी आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

**गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए विकास और कल्याण बोर्ड (DWBDNC) के बारे में:**

- सरकार ने कल्याण कार्यक्रमों को लागू करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों (DWBDNC) के लिए विकास और कल्याण बोर्ड की स्थापना की।
- DWBDNC का गठन 21 फरवरी, 2019 को भीकू रामजी इदते की अध्यक्षता में किया गया था।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## सरकार ने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों लगाने के लिए पांच नई साइटों के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी; परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष, डॉ जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में कहा कि सरकार ने भविष्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए पांच नई साइटों के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है।



**प्रमुख बिंदु**

- सरकार ने फ्लीट मोड में स्थापित किए जाने वाले 10 स्वदेशी 700 मेगावाट दबाव वाले भारी पानी रिएक्टर PHWR) के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।
- निर्माणाधीन और स्वीकृत परियोजनाओं के उत्तरोत्तर पूर्ण होने पर, **2031 तक परमाणु क्षमता 22480 मेगावाट** तक पहुंचने की उम्मीद है।
- वर्तमान में 6780 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 22 रिएक्टर प्रचालन में हैं और एक रिएक्टर, KAPP-3 (700 मेगावाट) को 10 जनवरी, 2021 को ग्रिड से जोड़ा गया है।

**नोट:**

- घरेलू संरक्षित परमाणु रिएक्टरों के लिए यूरेनियम की आवश्यकता को स्वदेशी रूप से खनन और उत्पादित यूरेनियम द्वारा पूरा किया जाता है।
- इसके अलावा, परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अंतर सरकारी समझौते वाले देशों से प्राकृतिक यूरेनियम अयस्क सांद्रता (UOC) की खरीद की जा रही है।
- रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कनाडा से परमाणु ईंधन हासिल करने के प्रयास किए गए हैं।

**स्रोत: न्यूज़ऑनएयर**

## डिजिटल डैशबोर्ड फॉर डिस्ट्रिक्ट गंगा कमेटी परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग सिस्टम

### चर्चा में क्यों?




- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत ने **'डिजिटल डैशबोर्ड फॉर डिस्ट्रिक्ट गंगा कमेटी (DGCs) परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग सिस्टम' (GDPMS)** लॉन्च किया।

### प्रमुख बिंदु

- DGC डिजिटल डैशबोर्ड लोगों-नदी को जोड़ने में एक लंबा सफर तय करेगा और **नमामि गंगे कार्यक्रम** की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जिला गंगा समितियों के बारे में:

- गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में प्रबंधन और प्रदूषण उपशमन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर एक तंत्र स्थापित करने के लिए गंगा नदी बेसिन पर जिलों में जिला गंगा समितियों का गठन किया गया था।
- DGC को नमामि गंगे के तहत बनाई गई संपत्ति का उचित उपयोग सुनिश्चित करने, गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले नालों / सीवेज की निगरानी, गंगा कायाकल्प के साथ लोगों के मजबूत संबंध बनाने के लिए अनिवार्य है।

**स्रोत: PIB**

## स्टैंड अप इंडिया योजना ने 6 साल पूरे किये

### चर्चा में क्यों?




- स्टैंड अप इंडिया योजना की छठी वर्षगांठ 5 अप्रैल 2022 को मनाई गई।
- स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत योजना की शुरुआत से अब तक 1 लाख 33 हजार 995 से अधिक खातों में 30 हजार 160 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए जा चुके हैं।

**प्रमुख बिंदु**

**स्टैंड अप इंडिया योजना के बारे में:**

- स्टैंड अप इंडिया योजना 5 अप्रैल 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी।
- यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उधारकर्ताओं को विनिर्माण, सेवाओं या व्यापार क्षेत्र में एक ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए ऋण की सुविधा प्रदान करती है।

**स्टैंड-अप इंडिया का उद्देश्य:**

- महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना
- विनिर्माण, सेवाओं या व्यापारिक क्षेत्र और कृषि से संबंधित गतिविधियों में ग्रीनफील्ड उद्यमों के लिए ऋण प्रदान करना
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की प्रत्येक बैंक शाखा में कम से कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बंधित उधार लेनेवाले और उधार की इच्छुक कम से कम एक महिला को 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये के बीच बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना

**नोट:** 2019-20 में, स्टैंड अप इंडिया योजना को 15वें वित्त आयोग की पूरी अवधि यानि 2020-25 तक के लिए विस्तार दिया गया था।

**स्रोत: न्यूज़ऑनएयर**

## मिशन इंटीग्रेटेड बायो-रिफाइनरियां

**चर्चा में क्यों?**

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने सार्वजनिक-निजी समझौता के जरिये **'मिशन इंटीग्रेटेड बायो-रिफाइनरियों'** को पूरी तरह से चालू करने के साथ 'स्वच्छ ऊर्जा' के लिए PPP (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड में भविष्य को लेकर एक प्रमुख पहल की शुरुआत की।




**प्रमुख बिंदु**

- डॉ जितेंद्र सिंह ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा 60 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल लागत के साथ भंडारण पर एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा सामग्री त्वरण मंच, सामग्री पर एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा सामग्री गतिवर्द्धन मंच और जैव ऊर्जा और हाइड्रोन पर एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा सामग्री गतिवर्द्धन मंच पर स्थापित तीन **सामग्री गतिवर्द्धन मंच (MAP)** का भी शुभारंभ किया।

- उन्होंने कहा कि ये प्लेटफॉर्म यानी मंच अगली पीढ़ी की कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग, और रोबोटिक्स में उभरती क्षमताओं का लाभ उठाएंगे ताकि सामग्री की खोज की गति को 10 गुना तेज किया जा सके।
- उन्होंने विमानन अनुप्रयोगों के लिए उन्नत जैव ईंधन में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए आरडी एंड डी (अनुसंधान, विकास और प्रदर्शन) का समर्थन और संचालन करने के लिए **'सतत विमानन ईंधन पर राष्ट्रीय वित्त पोषण अवसर'** की भी घोषणा की।
- उन्होंने **हाइड्रोजन वैली प्लेटफॉर्म** के वित्त पोषण के अवसर की घोषणा की, जो ऑनसाइट उत्पादन और उपयोग द्वारा हाइड्रोजन की मांग और आपूर्ति को अधिकतम करने, नवीकरणीय संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और भौगोलिक पहचान के साथ पानी के अतिरिक्त क्षेत्रों के लिए एक वैश्विक पहल है।
- DST 2030 तक भारत में तीन स्वच्छ हाइड्रोजन वैली की डिलीवरी की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

**मिशन इंटीग्रेटेड बायो-रिफाइनरियां:**

- मिशन का नेतृत्व भारत और नीदरलैंड कर रहे हैं। इसके अलावा ब्राजील और कनाडा मुख्य सदस्यों के रूप में शामिल हैं, और यूरोपीय आयोग और यूनाइटेड किंगडम सहायक सदस्यों के रूप में शामिल हैं।
- यह मिशन इनोवेशन द्वारा शुरू किया गया छठा मिशन है, और स्वच्छ हाइड्रोजन, हरित ऊर्जा प्रणाली, शुद्ध शून्य शिपिंग, कार्बन डाइऑक्साइड हटाने और शहरी ट्रांजीशन पर केंद्रित पहल में शामिल है।

**मिशन इनोवेशन:**

- मिशन इनोवेशन इस पूरे दशक में स्वच्छ ऊर्जा को वहनीय, आकर्षक और सुलभ बनाने के लिए अनुसंधान, विकास और प्रदर्शन में कार्रवाई और निवेश को उत्प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक पहल है।
- 2015 में पेरिस समझौते के साथ शुरू किया गया था

**स्रोत: PIB**

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने प्रभावी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जागरूकता शुभंकर 'प्रकृति' और हरित पहल को लॉन्च किया

**चर्चा में क्यों?**



- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश में प्रभावी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) सुनिश्चित करने के लिए छोटे बदलावों के बारे में

जनता के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने, जिसे बेहतर पर्यावरण के लिए हमारी जीवन-शैली में स्थायी रूप से अपनाया जा सकता है, एक शुभंकर 'प्रकृति' के साथ-साथ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा की गई विभिन्न हरित पहलों का शुभारंभ किया।

- इस आयोजन में इंडिया प्लास्टिक चैलेंज-हैकाथॉन 2021 के विजेताओं का भी अभिनंदन किया गया।

**प्रमुख बिंदु**

- प्लास्टिक प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) को समाप्त करने की भारत के संकल्प की घोषणा की।
- भारत सालाना लगभग 3.5 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा पैदा कर रहा है और प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरा उत्पादन पिछले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है।
- इसके अलावा, उन्होंने IPCC छठी आकलन रिपोर्ट (AR 6) में हाल ही में जारी IPCC वर्किंग ग्रुप III के योगदान के बारे में बताया, जो दुनिया को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लक्ष्यों के साथ जोड़ने के लिए शमन संबंधी उपायों पर केंद्रित है और पेरिस समझौते द्वारा निर्धारित मार्ग-निर्देश पर बने रहने के लिए हम क्या कर सकते हैं।

**स्रोत: PIB**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ वार्ता की

**चर्चा में क्यों?**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने 2 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।
- एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री देउबा 1 अप्रैल 2022 को तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे।

**प्रमुख बिंदु**

- पिछले साल जुलाई में पांचवीं बार पद संभालने के बाद से प्रधानमंत्री देउबा की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है।
- नेपाल इस क्षेत्र में अपने समग्र सामरिक हितों के संदर्भ में भारत के लिए महत्वपूर्ण है, और दोनों देशों के नेताओं ने अक्सर सदियों पुराने "रोटी बेटी" संबंधों पर ध्यान दिया।

- नेपाल पांच भारतीय राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी से अधिक की सीमा साझा करता है।

**नोट:** नेपाल से अंतिम राष्ट्राध्यक्ष/सरकार-स्तरीय यात्रा मई 2019 में हुई थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत का दौरा किया था। इससे पहले पीएम मोदी ने अगस्त 2018 में काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के लिए नेपाल का दौरा किया था।

**स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड**

## केंद्र सरकार ने जीनोम एडिटेड फसलों को कड़े GM नियमों से छूट दी

**चर्चा में क्यों?**

- केंद्र सरकार ने पहली बार कुछ प्रकार की जीनोम एडिटेड फसलों को **आनुवंशिक रूप से संशोधित या GM फसलों** पर लागू कड़े नियमों से छूट देने का आदेश जारी किया है, जिससे उनके आगे के अनुसंधान और विकास को एक बड़ा बढ़ावा मिला है।



**प्रमुख बिंदु**

- पर्यावरण और वन मंत्रालय ने हाल ही में जारी एक आदेश में, खतरनाक सूक्ष्मजीवों या आनुवंशिक रूप से इंजीनियर जीवों के निर्माण या सेल नियम-1989 उपयोग या आयात या निर्यात और भंडारण के लिए SDN 1 और SDN 2 जीनोम एडिटेड पौधों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (EPA) के नियम 7-11 से छूट दी है।

- जीनोम एडिटिंग या जीन एडिटिंग की खोज 2012 में की गई थी, लेकिन भारतीय नियामकों ने जैविक और अजैविक तनावों के लिए प्रतिरोधी और पोषण संबंधी श्रेष्ठता के साथ फसलों को विकसित करने की इसकी क्षमता को समझने में लगभग एक दशक का समय लिया।

**जीनोम एडिटिंग:**

- एक दशक पहले, जर्मनी और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक की खोज की, जिससे वे DNA स्ट्रैंड को 'कट' कर सकते हैं और जीन को एडिट कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिकों के लिए इस प्रक्रिया ने उन्हें साइट डायरेक्टेड न्यूक्लीज (SDN) या सीक्वेंस स्पेसिफिक न्यूक्लीज (SSN) का उपयोग करके जीनोम में वांछित परिवर्तन लाने की अनुमति दी।

**नोट:** विश्व स्तर पर, यूरोपीय संघ के देशों ने GM फसलों के साथ जीनोम एडिटेड फसलों को वर्गीकृत किया है। अर्जेंटीना, इज़राइल, अमेरिका, कनाडा आदि देशों में जीनोम एडिटेड फसलों के लिए उदार नियम हैं।

**स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड**

## प्रसारकों के लिए प्रसारण सेवा पोर्टल का शुभारंभ




### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में **प्रसारण सेवा पोर्टल** का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

**प्रसारण सेवा पोर्टल के बारे में:**

- प्रसारण सेवा पोर्टल विभिन्न प्रकार के लाइसेंसों, अनुमतियों, पंजीकरणों आदि के लिए प्रसारकों के आवेदनों की त्वरित फाइलिंग और प्रसंस्करण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल समाधान है।
- यह आवेदनों पर अंतिम निर्णय लेने में लगनेवाले समय को कम करेगा और आवेदकों को आवेदन की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने में भी सहायता प्रदान करेगा।
- यह आवेदकों की उपस्थिति की आवश्यकता को कम करेगा, जो पहले आवश्यक था और इस प्रकार मंत्रालय की क्षमता निर्माण में वृद्धि करेगा। यह व्यवसाय में आसानी की दिशा में भी एक बड़ा कदम सिद्ध होगा।
- यह पोर्टल 900 से अधिक सैटेलाइट टीवी चैनलों, 70 टेलीपोर्ट संचालकों, 1700 मल्टी-सर्विस संचालकों, 350 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (CRS), 380 निजी FM चैनलों और अन्य को सीधे लाभ पहुंचाकर कारोबारी माहौल को बढ़ावा देगा और पूरे प्रसारण क्षेत्र को सशक्त बनाएगा।
- पोर्टल से इकोसिस्टम में पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता आयेगी तथा सभी प्रकार की जानकारी एक ही डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगी।

**स्रोत: HT**

## रेलवे सुरक्षा बल: ऑपरेशन उपलब्ध



**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, **RPF (रेलवे सुरक्षा बल)** ने **ऑपरेशन उपलब्ध** के तहत रेलवे टिकट दलालों के खिलाफ एक अखिल भारतीय अभियान चलाया।

**प्रमुख बिंदु**

**ऑपरेशन उपलब्ध के बारे में:**
- ऑपरेशन उपलब्ध के तहत महीने भर का देशव्यापी अभियान ने दलालों की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगाने और आम आदमी को रेलवे टिकट उपलब्ध कराने में समर्थ बनाया है।
- भारतीय रेलवे आम जनता को अनाधिकृत व्यक्तियों से टिकट न खरीदने की सलाह देता है क्योंकि यह न केवल एक बार पता चलने के बाद रद्द हो सकता है, बल्कि टिकट लेने वाले को कानूनी परेशानी में भी डाल सकता है।

**रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के बारे में:**
- RPF, रेलवे सुरक्षा बल अधिनियम, 1957 द्वारा स्थापित भारतीय रेल, रेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वामित्व में एक सुरक्षा बल है।
- इसमें रेलवे संपत्ति (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1966 के तहत किए गए अपराधों की तलाशी, गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने की शक्ति है।

**नोट:** फरवरी 2022 में, RPF ने **ऑपरेशन AAHT (आहट)** नाम से मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था।

**स्रोत: PIB**

## राष्ट्रपति कोविंद ने तुर्कमेनिस्तान के अपने समकक्ष सर्दार बर्दीमुहामेदोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

**चर्चा में क्यों?**

- **राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद** और उनके तुर्कमेनिस्तान के समकक्ष गुरबांगुली बर्दीमुहामेदो ने ओगुझार महल अशगबत में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और विभिन्न क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।



- यह भारत के राष्ट्रपति की स्वतंत्र तुर्कमेनिस्तान की पहली यात्रा है और यह तुर्कमेनिस्तान के नए राष्ट्रपति बर्दीमुहामेदोव के उद्घाटन के ठीक बाद आता है।
- भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट भी जारी किया गया।

**प्रमुख बिंदु**

- भारत और तुर्कमेनिस्तान ने वित्तीय खुफिया और आपदा प्रबंधन सहित चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- दोनों नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) और अंतर्राष्ट्रीय परिवहन और पारगमन गलियारे पर अश्गाबात समझौते के महत्व पर प्रकाश डाला।
- राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि ईरान में भारत द्वारा निर्मित चाबहार बंदरगाह का उपयोग भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापार में सुधार के लिए किया जा सकता है।
- तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (TAPI) पाइपलाइन पर, राष्ट्रपति कोविंद ने सुझाव दिया कि तकनीकी और विशेषज्ञ स्तर की बैठकों में पाइपलाइन की सुरक्षा और प्रमुख व्यावसायिक सिद्धांतों से संबंधित मुद्दों को संबोधित किया जा सकता है।

**नोट:**

- तुर्कमेनिस्तान भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन ढांचे में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है, जिसकी पहली मेजबानी भारत ने इस साल जनवरी में की थी।
- राष्ट्रपति कोविंद की तुर्कमेनिस्तान यात्रा के बाद 4-7 अप्रैल को राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा के निमंत्रण पर नीदरलैंड की राजकीय यात्रा होगी।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

**चर्चा में क्यों?**

- केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल एवं ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन तेहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन की उपस्थिति में एक वर्चुअल समारोह में **भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (IndAus ECTA)** पर हस्ताक्षर किये।



**प्रमुख बिंदु**

**भारत-ऑस्ट्रेलिया ECTA की मुख्य विशेषताएं:**

- भारत-ऑस्ट्रेलिया ECTA एक दशक के बाद किसी विकसित देश के साथ भारत का पहला व्यापार समझौता है।
- इस समझौते में दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों की एक व्यापक श्रृंखला सन्निहित है तथा यह वस्तुओं में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, व्यापार की तकनीकी बाधाएं (TBT), स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (SPS) उपाय, विवाद निपटान, तटस्थ व्यक्तियों की आवाजाही, दूरसंचार, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं, फार्मास्यूटिकल उत्पाद एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग, जैसे क्षेत्रों को कवर करता है।

**नोट:**

- ऑस्ट्रेलिया भारत का 17वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा भारत ऑस्ट्रेलिया का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
